समाचार

प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि पर कार्यवाही, लगा अर्थदण्ड, दी गई समझाईश

(आज भी किया विशेष साफ–सफाई कार्य, डोर–टू–डोर पहुंची निगम की टीम, अवैध होर्डिंग विज्ञापन को हटाया गया)

कोरबा 16 मार्च 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर शहर के विभिन्न स्थानों पर निगम अमले द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग डिस्पोजल आदि के उपयोग व विक्रय पर कार्यवाही की गई तथा उन पर अर्थदण्ड लगाया गया। इसी प्रकार अवैध रूप से लगे होर्डिंग विज्ञापन सामग्री को भी निगम अमले ने हटाया। स्वच्छता महाअभियान के तहत आज भी वार्ड क्र. 11 के विभिन्न मोहल्लों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, साथ ही निगम की टीम डोर–टू–डोर पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज कोसाबाड़ी जोन व कोरबा जोन सहित अन्य विभिन्न स्थानों के व्यवसायिक क्षेत्रों में निगम अमले ने पहुंचकर दुकानों का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग किया जा रहा था, जिस पर निगम अमले ने कार्यवाही करते हुए 09 दुकानों पर 1700 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया तथा उन्हें समझाईश दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग आदि का उपयोग न करें, इसके स्थान पर वैकल्पिक साध्नों को अपनाएं तथा कोरबा को प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें।

अवैध होर्डिंग विज्ञापन का हटाया– आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम कोरबा के अमले ने अवैध होर्डिंग व बिना अनुमति के लगाई गई विज्ञापन सामग्रियों को हटाने की कार्यवाही की। इस दौरान तानसेन चौक से सुभाष चौक तक कार्यवाही करते हुए विद्युत पोल, डिवाईडर, दीवाल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए अवैध होर्डिंग व विज्ञापन सामग्रियों को हटाकर उन्हें अतिक्रमण मुक्त किया गया।

स्वच्छता ड्राईव जारी– स्वच्छता महाअभियान की कड़ी में आज भी वार्ड क्र. 11 अंतर्गत आने वाले गांजा गली, पानी टंकी मोहल्ला सहित अन्य मोहल्लों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, विशेष साफ–सफाई के कार्य संपादित कराए गए। रोटरी क्लब के सदस्यों एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने घर–घर पहुंचकर बस्तीवासियों को स्वच्छता में सहयोग देने व साफ–सफाई कार्यो के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। इस मौके पर नालियों की सतह से सफाई, सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यो को विशेष अभियान के रूप में संपादित कराया

गया। अभियान के दौरान आज स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, रोटरी क्लब पदाधिकारी विक्रय अग्रवाल, पारस जैन व क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।